सारण शिक्षक निर्वाचन मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न

बगहा (आससे)। सारण शिक्षक निर्वाचन मतदान शुक्रवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया । बगहा दो प्रखंड में कुल 103 मतदाता थे। जिसमें से 95 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। पिपरासी बीडीओ सह पिठासिन पदाधिकारी कुमार अनिमेष ने बताया कि मतदान शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हों गया। उन्होंने बताया कि मतदान सुबह आठ बजे शुरू होकर शाम 4 बजे समाप्त हो गया। वहीं बगहा एक प्रखंड में कुल 67 मतदाता थे। जिसमें से 64 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। ठकराहा बीडीओ सह पिठासीन पदाधिकारी आर के राघव ने बताया की मतदान शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हों गया। वहीं रामनगर बीडीओ सह पिठासीन पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि पिपरासी में कुल दो मतदाता हैं। जहां दोनों शिक्षक मतदाता रामलाल बैठा व हरेंद्र चौधरी ने सुबह ही अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया । चार बजे मतदान समाप्त होते ही मतदान पेटी सील कर दिया गया । वहीं बगहा अनुमंडल के अन्य प्रखंडों से भी शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने का समाचार है।

विधान परिषद स्नातक चुनाव में हुआ 91 प्रतिशत मतदान

● 61 मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग ● सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

नौतन। प्रखंड मुख्यालय स्थित स्वागत भवन में शुक्रवार को बिहार विधान परिषद स्नातक निर्वाचन का मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। नौतन प्रखंड में 91 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान केंद्र पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। निर्वाची पदाधिकारी कुमार कानन ने बताया कि नौतन प्रखंड में कुल 61 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के दौरान पुलिस बल की तैनाती के साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने भी व्यवस्था पर नजर रखी। शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली। कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। निर्वाचन को लेकर मतदाताओं में उत्साह देखा गया। निर्धारित व्यवस्था के तहत मतदाताओं ने मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अब प्रत्याशियों की नजर मतगणना पर टिकी है। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद ही प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा।

लौरिया में 87 में से 81 मतदाताओं ने किया मतदान

पुष्कर आनंद के पक्ष में गोलबंद दिखे मतदाता

लौरिया (संवाद सूत्र)। प्रखंड कार्यालय में सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी चुनाव को लेकर मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। मतदान केंद्र पर महिला एवं पुरुष मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्रखंड के मतदान केंद्र पर कुल 90 महिला , पुरुष मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें से तीन मतदाता का नाम दो बार अंकित होने से कुल 87 मतदाता शेष बचे जिनमे से 4 बजे तक कुल 81 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार निर्धारित समय तक मतदान केंद्र पर 92 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। वहीं, मतदान प्रक्रिया का जायजा लेने के लिए जिला अधिकारी तरन जोत सिंह एवं आरक्षी अधीक्षक कुमार गौतम भी मतदान केंद्र पर पहुंचे। अधिकारियों ने मतदान केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। पूरे मतदान के दौरान शांतिपूर्ण माहौल बना रहा तथा मतदान प्रक्रिया सुचारु रूप से शांति पूर्वक सांप हुई ।

दोपहर 12 बजे तक 83 शिक्षकों ने डाले वोट

मझौलिया (संवाद सूत्र)। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शांतिपूर्ण माहौल में जारी रहा। मझौलिया प्रखंड मुख्यालय स्थित मतदान केंद्र पर शिक्षक मतदाताओं ने उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

मतदान केंद्र पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मतदान कराया जा रहा था। केंद्र पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मियों की देखरेख में शिक्षक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मझौलिया प्रखंड मुख्यालय स्थित मतदान केंद्र पर तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि इस केंद्र पर करीब 160 शिक्षक मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें से शुक्रवार को दोपहर 12 बजे तक कुल 83 शिक्षक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे। उन्होंने बताया कि निर्धारित व्यवस्था के तहत मतदान की प्रक्रिया जारी थी।

शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के इस चुनाव को लेकर संबंधित मतदाताओं में विशेष रुचि देखी गई। मतदान केंद्र पर सुरक्षा एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक कदम उठाए गए थे। मतदान कार्य में लगे कर्मियों को निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिम्मेदारी सौंपी गई थी।प्रशासन का मुख्य उद्देश्य चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना रहा। मतदान केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ पूरी प्रक्रिया पर निगरानी रखी जा रही थी। दोपहर तक 160 मतदाताओं में से 83 के मतदान करने के साथ ही केंद्र पर मतदान प्रक्रिया आगे बढ़ती रही। चुनाव को लेकर प्रशासन सतर्क रहा और मतदान संपन्न कराने की व्यवस्था जारी रही।

स्वच्छ निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान सम्पन्न

बेतिया। बिहार विधान परिषद के 03, सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए आज दिनांक 23.10.2026 को निर्धारित मतदान को पूरे जिले में स्वच्छ निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया गया है। पश्चिम चंपारण जिले में इस मतदान को लेकर जिला के सभी 18 प्रखंड परिसर में मतदान केंद्र बनाए गए थे जहां कुल 1701 मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करना था, जिसमें से 1508 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार जिला में मतदान का प्रतिशत 88.65 प्रतिशत रहा है। मतदान में 1283 पुरुष मतदाता एवं 225 महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन पश्चिम चम्पारण, बेतिया के द्वारा मुकम्मल प्रशासनिक व्यवस्था की गई थी। सभी मतदान केंद्र पर स्टेटिक फोर्स के साथ-साथ दंडाधिकारी की प्रतिनिधि की गई थी इसके अतिरिक्त जोनल अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा लगातार मतदान केंद्र का भ्रमण कर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया गया। जिला स्तर पर जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई थी जहां से संपूर्ण जिले में चल रहे मतदान की गतिविधियों की पल-पल की रिपोर्ट ली जा रही थी। विधान परिषद के लिए मतदान की प्रक्रिया जिले में पूरी तरह से शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराई गई है।

सुबह आठ से शाम चार बजे तक 98 प्रतिशत मतदान

बैरिया (आससे)। बैरिया प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को बिहार विधान परिषद् के सारण शिक्षक निर्वाचन के लिए मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। मतदान को लेकर प्रखंड मुख्यालय में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पूरे मतदान केंद्र पर पुलिस बल की तैनाती रही, जिससे मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो सके। प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह ने बताया कि सारण शिक्षक निर्वाचन के लिए बैरिया प्रखंड में कुल 53 मतदाता पंजीकृत थे। इनमें से 52 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह प्रखंड क्षेत्र में कुल 98 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। एक मतदाता मतदान करने नहीं पहुंच सका। उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया शुक्रवार की सुबह आठ बजे शुरू हुई और निर्धारित समय के अनुसार शाम चार बजे तक चली। मतदान के दौरान मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। मतदान केंद्र पर प्रशासन की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। अधिकारियों ने मतदान प्रक्रिया पर लगातार नजर बनाए रखी।

पुष्कर आनंद के पक्ष में हुआ मतदान : जदयू जिलाध्यक्ष

मझौलिया (संवाद सूत्र)। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के उम्मीदवार पुष्कर आनंद की जीत को लेकर पार्टी नेताओं ने अपनी उम्मीद जताई है। जदयू के पश्चिम चंपारण जिलाध्यक्ष शत्रुधन प्रसाद कुशवाहा ने दावा किया कि शिक्षक मतदाताओं का रुझान उनके उम्मीदवार के पक्ष में दिखाई दे रहा है और उनके समर्थन में मतदान हुआ है। जिलाध्यक्ष शत्रुधन प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि उन्होंने पश्चिम चंपारण जिले के सभी 18 प्रखंडों का दौरा किया है। इस दौरान विभिन्न प्रखंडों में शिक्षकों से संपर्क करने और मतदान के माहौल का जायजा लेने पर उन्हें पुष्कर आनंद के पक्ष में सकारात्मक रुझान देखने को मिला है।उन्होंने कहा कि मतदान का प्रतिशत भी अच्छा जा रहा है। शिक्षकों में मतदान को लेकर उत्साह दिखाई दे रहा है और उनका रुझान उम्मीदवारों के पक्ष में स्पष्ट रूप से सामने आ रहा है। जिलाध्यक्ष ने विश्वास जताया कि शिक्षकों का समर्थन पुष्कर आनंद के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव में शिक्षकों की भागीदारी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाती है। हालांकि, चुनाव के अंतिम परिणाम की तस्वीर मतगणना के बाद ही स्पष्ट होगी। फिलहाल, विभिन्न उम्मीदवारों के समर्थक अपनी-अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नजर आ रहे हैं।

गौनाहा में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न

●कुल 46 मतदाताओं में 44 मतदाताओं ने किया अपने मत का प्रयोग ●2 महिला मतदाताओं ने किया मत का प्रयोग

गौनाहा(संवाद सूत्र)। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र गौनाहा में शुक्रवार को एमएलसी का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गया।पिठाशीन पदाधिकारी सह बैरिया के सीओ अजय कुमार ने बताया कि मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया।कुल 46 शिक्षक मतदाताओं में 44 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग कर वरीयता के आधार पर अपना वोट दिया। विदित हो कि महिला मतदाता प्रणिता सौरभ कैंसर की बीमारी से ग्रसित होने के कारण अपना मत नहीं दे पायी।ऐसे ही अभिषेक कुमार का स्थानांतरण सेमरी डुमरी हाई स्कूल से रोहतास में हो जाने के कारण वह अपने मत का प्रयोग नहीं कर पाए।पिठाशीन पदाधिकारी अजय कुमार ने बताया



कि एमएलसी चुनाव मे गौनाहा मे कुल 95.65 प्रतिशत पोल हुआ। मंत्री नंदकिशोर राम ने एनडीए खेमे में पहुंचकर मतों का जायजा लिया।उन्होंने बताया कि एनडीए की जीत सुनिश्चित है।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
नालन्दा भवन प्रमंडल, बिहारशरीफ

कार्यालय आदेश

इस कार्यालय के पत्रांक – 2850 (अनु0) दिनांक – 11.09.2026 एवं पी0आर0सं0– 011695 (BCD) 2026–27 के द्वारा भिन्न –भिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित पुर्न ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0 06 ना0भ0प्र0, बिहारशरीफ / वर्ष 2026–27 को पथ निर्माण विभाग के ज्ञापांक– 7461(S) दिनांक 13.10.2026 एवं भवन निर्माण विभाग के ज्ञापांक– 9803 (भ) दिनांक 15.10.2026 के आलोक में अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

उकत सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar.gov.in** पर भी देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
नालन्दा भवन प्रमंडल,
बिहारशरीफ

PR. No. 014008 (BCD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

जयराम यादव के पक्ष हुआ मतदान : इंद्रजीत यादव

मझौलिया (संवाद सूत्र)। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से महागठबंधन के एमएलसी प्रत्याशी जयराम यादव की जीत को लेकर राजद किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष इंद्रजीत यादव ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम चंपारण जिले के सभी 18 प्रखंडों का दौरा करने के दौरान समर्थकों के माध्यम से शिक्षकों से मिली जानकारी के अनुसार जयराम यादव के पक्ष में जबरदस्त मतदान हुआ है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी 27 अक्टूबर को होने वाली मतगणना में जयराम यादव जीत हासिल कर बिहार विधान परिषद पहुंचेंगे। इंद्रजीत यादव ने कहा कि सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में जयराम यादव को शिक्षकों का अपार समर्थन मिल रहा है। शिक्षकों ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर उनके प्रति विश्वास जताया है।

हिंदुस्तान रिपब्लिकन आर्मी ने आशीष मिश्रा को सौंपी बिहार प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी

बगहा (आससे)। हिंदुस्तान रिपब्लिकन आर्मी (एचआरए) हिस्टोरिकिल रिसर्च एसोसिएशन ने बगहा निवासी आशीष मिश्रा उर्फ रोशन बाबा को बिहार प्रदेश सचिव के पद पर मनोनीत किया है। संगठन की ओर से 13 सितंबर 2026 को जारी पत्र के माध्यम से उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमित आजाद तिवारी की ओर से जारी मनोनयन पत्र में आशीष मिश्रा के सेवाभाव, संगठन के प्रति निष्ठा और समर्पण का उल्लेख किया गया है। पत्र में विश्वास जताया गया है कि वे नई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी ईमानदारी और अनुशासन के साथ करेंगे। संगठन को मजबूत करने की होगी जिम्मेदारी प्रदेश सचिव के रूप में आशीष मिश्रा के समक्ष बिहार में संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और संगठन के उद्देश्यों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी होगी। इसके साथ ही सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में सहभागिता बढ़ाने तथा संगठन के विस्तार के लिए प्रयास करने पर भी जोर रहेगा। संगठन की ओर से उम्मीद जताई गई है कि उनके प्रयासों से प्रदेश में संगठन की गतिविधियों को मजबूती मिलेगी। साथ ही उन्हें सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी गई हैं। मनोनयन पत्र की प्रतिलिपि बगहा के पुलिस अधीक्षक और पटखौली थाना प्रभारी को भी भेजे जाने का उल्लेख है। इस माध्यम से संबंधित पुलिस अधिकारियों को मनोनयन की जानकारी उपलब्ध कराई गई है। नई जिम्मेदारी मिलने पर आशीष मिश्रा के समर्थकों और शुभचिंतकों में उत्साह है। संगठन को उम्मीद है कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा और समर्पण के साथ करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने में योगदान देंगे।

वारंटी गिरफ्तार

चौतरवा (आससे)। बगहा अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत एम एल सी चुनाव को लेकर चौतरवा थाना पुलिस के द्वारा थाना के गेट के सामने सघन वाहन जांच के क्रम में एक पीकप वैन पर लदा दो भैंस तथा पांच पाडा को रोका गया। मौके से पिकअप चालक भागने में सफल रहा। अंचलाधिकारी बगहा एक के आवेदन पर आधार पर पशु क्रूरता का केस दर्ज किया गया। किया गया (2) हत्या कि प्रयास के नामजद अभियुक्त प्रेम भर पिता बंधु भर साकिन बंगला टोला थाना चौतरवा के ए एस आई विकाश कुमार के द्वार मंगलवार को पटखौली थाना थाना से गिरफ़्तार किया गया। यह केस ज़मीनी विवाद को लेकर जुलाई माह मे दर्ज किया गया था। इसी मामला कैलासी देवी को बंगला टोला बंगला टोला से (3) गिरफ़्तार की गई है। वारंटी मुकेश कुमार पिता विनोद राम साकिन लक्ष्मी पुर पतीलार को उसके घर से रात्रि में गिरफ़्तार किया गया।

कल सुबह पांच से 11 बजे तक आपूर्ति रहेगी बाधित

बगहा (आससे)। निर्माणाधीन 132/33 केवी ग्रिड उपकेंद्र, बगहा में 132 केवी कंडक्टर की स्ट्रिंगिंग का कार्य कराया जाएगा। इसको लेकर 25 अक्टूबर, रविवार को सुबह पांच बजे से 11 बजे तक 33 केवी बगहा फीडर की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। रेलवे से ब्लॉक की अनुमति मिलने के बाद यह कार्य निर्धारित समय पर कराया जाएगा। विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, बगहा के कार्यपालक अभियंता आलोक अमृतांशु ने बताया कि ग्रिड उपकेंद्र में कार्य के दौरान बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। हालांकि, उपभोक्ताओं को होने वाली परेशानी कम करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत रोटेशन के आधार पर बिजली आपूर्ति बहाल रखने का प्रयास किया जाएगा। निर्धारित अवधि में बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की संभावना को देखते हुए कार्यपालक अभियंता ने उपभोक्ताओं से अपने जरूरी कार्य पहले ही निपटा लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि तकनीकी कार्य पूरा होने के बाद बिजली आपूर्ति सामान्य करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

विभाग ने निर्धारित समय के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित रहने से उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद जताया है।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
सिंचाई प्रमंडल, रजौली।

Email- eesinchairajauli2016@gmail.com

शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय का पत्रांक 1461 दिनांक 07.10.2026 द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–04/2026-27जिसका दैनिक सामाचार पत्र में प्रकाशन का P.R. No-013494 (WRD) 2026-27 है। उक्त निविदा की कंडिका 18 एवं 21को विलोपित करते हुए एक अतिरिक्त कंडिका जिसका क्रम संख्या 52''पथ निर्माण विभाग, बिहार द्वारा निर्गत अधिसूचना का ज्ञापांक 7461(S) दिनांक 13.10.2026 द्वारा निर्गत पथ निर्माण विभाग का पत्रांक 2046(S) दिनांक 06.03.2014 द्वारा निरूपित प्रतिशत दर निविदा में न्यूनतम दर सीमा 10 प्रतिशत को पुनः बहाल किया गया है। परिमाण विपत्र से 10 प्रतिशत से ज्यादा कम दर उद्धृत रहने वाले निविदायें अमान्य मानी जायेगी।

परिमाण विपत्र के दर से नीचे निविदित दर दिये जाने की स्थिति में अतिरिक्त कार्य प्रतिभू (Additional Performance Guarantee) लेने का निम्नांकित प्रावधान किया जाता है :–

(1) परिमाण विपत्र की दर से 0 से 5 प्रतिशत कम उद्धृतदर वाले निविदा के लिए 0.25% अतिरिक्त कार्य प्रतिभू (Additional Performace Guarantee) प्रति एक प्रतिशत उद्धृत दर के लिए ली जायगी।

(2) परिमाण विपत्र की दर से 5 से 10 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 0.5% कार्य प्रतिभू (Additional Performace Guarantee) प्रति एक प्रतिशत उद्धृत दर के लिए ली जायगी।''जोड़ा जाता है, शेष कंडिका यथावत् रहेगा।

इसे इस हद तक संसोधित समझा जाय।

PR- 013986 (W R D) 2026-27

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई प्रमंडल, रजौली।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

मदनपुर देवी स्थान पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

बगहा (आससे)। नवरात्र और दशहरा का पर्व बीतने के बाद भी वीटीआर के मदनपुर जंगल में स्थित मां मदनपुर देवी स्थान पर शुक्रवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही दोपहिया, चारपहिया वाहनों, ट्रैक्टरों और टेंपो से श्रद्धालु माता के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचने लगे। दोपहर होते-होते श्रद्धालुओं की संख्या इतनी बढ़ गई कि मदनपुर-पनियहवा मुख्य सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। देखते ही देखते सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन लगभग ठप हो गया। जाम में आम यात्रियों के साथ यूपी-बिहार आने-जाने वाले राहगीर, श्रद्धालु और पुलिस के वाहन भी फंसे नजर आए। बीच-बीच में वाहन रेंगते हुए आगे बढ़ते रहे। लेकिन कुछ देर बाद फिर जाम लग जाता था। रेलगाड़ियों के आने-जाने के समय स्थिति और गंभीर हो जाती थी। वाहनों के पहिए थमने से सड़क पर

मदनपुर-पनियहवा मार्ग पर लगा जाम

महाजाम की स्थिति बनी रही।स्थानीय लोगों के अनुसार शुक्रवार होने और आश्विन माह के शुक्ल पक्ष के कारण मां भवानी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। दशहरा की दशमी तिथि मंगलवार को पड़ने के कारण कई श्रद्धालु उस दिन देवी स्थान नहीं पहुंच पाए थे। ऐसे में शुक्रवार को पूजा-अर्चना के लिए उमड़ी भीड़ ने यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर दिया।तेज धूप और गर्मी के बीच जाम में फंसे लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। खासकर महिलाओं और बच्चों की बेचैनी बढ़ गई। घंटों वाहनों में फंसे रहने के कारण यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में देरी हुई।इधर जाम हटाने और यातायात बहाल करने के लिए नौरंगिया पुलिस को दिनभर कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।पुलिसकर्मी बेतरतीब खड़े वाहनों को किनारे कराकर रास्ता खाली कराने में जुटे रहे।बगहा एसडीपीओ निहार भूषण ने बताया कि जाम हटाने और आवागमन सुचारू रखने के लिए पुलिस की टीम लगातार मौके पर तैनात है। स्थिति नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल भी लगाया गया है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच यातायात व्यवस्था सामान्य बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है।

प्रभारी एवं स्वास्थ्य प्रबंधक का वेतन निकासी पर रोक

मधुबनी (पश्चिम चंपारण)। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लगातार अनुपस्थित रहने को लेकर मधुबनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। इस मामले में बेतिया सिविल सर्जन ने पत्र जारी कर संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।जारी पत्र के अनुसार,15 अक्टूबर 2026 को सेवा संकल्प एवं कायाकल्प कार्यक्रम की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की गई थी। इस दौरान संबंधित स्वास्थ्य संस्थान से अधिकारी अलग-अलग स्थानों से जुड़ते हैं या नहीं, इसकी समीक्षा की गई। पत्र में कहा गया है कि पूर्व में भी इस तरह की स्थिति सामने आती रही है।सिविल सर्जन ने पत्र प्राप्ति के दो दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण समर्पित करने का निर्देश दिया है।

रबी महोत्सव में यूरिया को लेकर किसानों का हंगामा

बैरिया (आससे)। बैरिया। प्रखंड के ई-किसान भवन के समीप शुक्रवार को आयोजित रबी महोत्सव के दौरान यूरिया और डीएपी की उपलब्धता को लेकर किसानों ने जमकर हंगामा किया। किसानों ने इफको गोदाम संचालक मुकेश कुमार पर यूरिया व डीएपी के साथ जबरन कीटनाशक दवा देने का आरोप लगाया। किसानों का कहना था कि केवल खाद की मांग करने पर उन्हें खाद उपलब्ध नहीं कराई जाती और कीटनाशक लेने का दबाव बनाया जाता है। किसान इकबाल आलम और राबड़ी देवी ने बताया कि सोमवार को वे यूरिया लेने गोदाम पहुंचे थे, लेकिन करीब तीन बजे गोदाम बंद होने की बात कहकर उन्हें वापस कर दिया गया। मामले की शिकायत कृषि विभाग के अधिकारियों से भी की गई। कृषि समन्वयक सुशील पांडेय ने गोदाम पहुंचकर जानकारी लेने का प्रयास किया, लेकिन किसानों के अनुसार संचालक तबीयत खराब होने की बात कहकर वहां से चले गए। किसानों ने आरोप लगाया कि संचालक करीब एक दशक से क्षेत्र में कार्यरत हैं ।

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमंडल औरंगाबाद
E-mail ID- shlcdaurangabad@gmail.com
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 02/2026-27
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार www.eproc2.bihar.gov.in)

1. कार्य का विवरण :–

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि रू0 (ऑन लाईन अथवा फिजिकल / मेनुअल मोड में भुगतान) (लाख में)	परिमाण – विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में) रू0 में	बेल्ट्रॉन को देय बिड प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में) रू0 में	कार्य समाप्ति की तिथि
1	सोनवर्षा वितरणी के विभिन्न बिन्दुओं पर गाद एवं जंगल सफाई तथा फॉल, इनलेट, प्रोटेक्शन वॉल का पुनर्स्थापन एवं तल मरम्मति P.C.C. कार्य।	61.52620	1.24	10000.00	1180.00	माह मार्च 2027 के पूर्व।

2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि : दिनांक 14.10.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अवधि : दिनांक 02.11.2026 से 07.11.2026 को 3:00 बजे अपराह्न तक। केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर।
4. प्री–बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान : दिनांक 04.11.2026 को 3:00 बजे अपराह्न अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, सोन उच्चस्तरीय नहर अंचल, औरंगबाद के कार्यालय कक्ष में।
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 07.11.2026 के अपराह्न 3:30 बजे। केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर।
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा तकनीकि बीड निष्पादन उपरांत वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर घोषित की जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान : केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर।
9. निविदा वैधता की अवधि : 120 दिन।
10. विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु वेबसाईट http://www.eproc2.bihar.gov.in एवं **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमंडल, औरंगाबाद
मो0– 7463889727

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.013920 (WRD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स ने बिहार में रखा कदम, बेतिया में पहले शोरूम का शुभारंभ

● अभिनेत्री काजल राघवानी ने किया नये शोरूम का उद्घाटन ● अलग-अलग शहरों में एक ही दिन में चार नये स्टोर खुले

बेतिया (आससे)। आभूषणों की दुनिया में विरासत, गुणवत्ता और भरोसे की पहचान रखने वाले ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स ने बेतिया में अपने पहले शोरूम का शुभारंभ किया। अभिनेत्री काजल राघवानी की मौजूदगी में आयोजित उद्घाटन समारोह के साथ ब्रांड ने बिहार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कंपनी ने एक ही दिन में लखनऊ, बहराइच, मिर्जापुर और बेतिया (बिहार) में चार नए शोरूम शुरू किए। गोरखपुर में वर्ष 1940 में स्थापित इस प्रतिष्ठित ज्वेलरी ब्रांड के लिए बेतिया का नया शोरूम विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के डायरेक्टर अनूप सराफ और फ्रैंचाइज ऑनर्स शिव कानोडिया, आनन्द कानोडिया, श्री विवेक कानोडिया और श्री आशीष खेतान (सोनू जी) मौजूद रहे। बेतिया में स्थित नए शोरूम की शुरुआत ऐसे समय में हुई है, जब ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स अपने रिटेल नेटवर्क का विस्तार कर रहा है।

एक ही दिन में बेतिया के अलावा लखनऊ, बहराइच और मिर्जापुर में भी ब्रांड के नए शोरूम का शुभारंभ हुआ। इन चार उद्घाटनों के साथ ब्रांड के परिचालनरत स्टोर की संख्या 16 से बढ़कर 20 हो गई है। इनके अलावा तीन और शोरूम का निर्माण कार्य जारी है, जबकि मार्च 2028 तक 30 स्टोर संचालित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बेतिया में नए शोरूम के साथ ब्रांड ने बिहार में भी पहली बार प्रवेश किया है। बेतिया के नए शोरूम में ग्राहकों को सोने, हीरे और चांदी के आभूषणों की विस्तृत रेंज मिलेगी। पारंपरिक और ब्राइडल ज्वेलरी के साथ आधुनिक डिजाइन के आभूषण भी उपलब्ध होंगे।

शोरूम में ऐश्प्रा के लाइफस्टाइल ज्वेलरी ब्रांड 'ज्वेल स्टोरी' के लिए विशेष स्टोर-इन-स्टोर व्यवस्था की गई है। इसमें किशोरों, युवाओं और लगभग 40 वर्ष तक की आयु के ग्राहकों के लिए 9 से 22 कैरेट तक की शुद्धता वाले हल्के, आधुनिक और रोजमर्रा में पहने जा सकने वाले आभूषण शामिल हैं। शुभारंभ के अवसर पर अभिनेत्री काजल राघवानी ने कहा, 'आभूषण भारतीय परंपरा और व्यक्तिगत स्टाइल का खूबसूरत संगम हैं। ऐश्प्रा जैसे विरासत वाले ब्रांड के साथ जुड़ना खास अनुभव है। बेतिया में नया शोरूम ग्राहकों को पारंपरिक खूबसूरती और आधुनिक डिजाइन के आभूषणों की आकर्षक रेंज उपलब्ध कराएगा।' ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के डायरेक्टर श्री अनूप सराफ ने कहा, 'वर्ष 1940 से ग्राहकों का भरोसा हमारी सबसे बड़ी पूंजी रहा है। बिहार में पहले शोरूम की शुरुआत विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हमारा प्रयास है कि ग्राहकों को ब्रांड की विरासत, गुणवत्ता और पारदर्शिता के अनुरूप खरीदारी का अनुभव मिले।' बेतिया के फ्रैंचाइज ओनर्स श्री शिव कानोडिया, आनन्द कानोडिया, विवेक कानोडिया और आशीष खेतान (सोनू जी) ने कहा, 'ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के साथ जुड़ना हमारे लिए गर्व का अवसर है। हमारा प्रयास होगा कि बेतिया के ग्राहकों को पारंपरिक, ब्राइडल और आधुनिक आभूषणों के बेहतर विकल्पों के साथ गुणवत्तापूर्ण और भरोसेमंद खरीदारी का अनुभव मिले।' नए शोरूम के शुभारंभ के अवसर पर ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर पेश किए गए हैं। लागू नियमों और शर्तों के अनुसार सोने के आभूषणों की मेकिंग चार्ज और हीरे के मूल्य पर 30 प्रतिशत तक की छूट का लाभ लिया जा सकता है। ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स ट्रस्ट, इंटीग्रिटी और एथिक्स यानी भरोसा, ईमानदारी और नैतिकता के मूल्यों को अपनी कार्यशैली का आधार मानता है। सोने, हीरे और चांदी के आभूषणों के साथ ज्वेल स्टोरी के माध्यम से कंपनी पारंपरिक विरासत और आधुनिक जीवनशैली के बीच संतुलन बनाने पर ध्यान दे रही है। बेतिया में पहले शोरूम का शुभारंभ बिहार में ब्रांड की पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।